# निदेशक ने पीएम आवास योजना की त्रुटियों को जल्द दूर करने के दिए निर्देश

## लाभुकों को लोन देने में कोताही पर बैंक के आरएम की लगी क्लास

DMA
Directorate of Municipal Administration, Urban Development & Housing Department

# प्रधानमंत्री आवास का निर्माण समय पर पूरा करें : निदेशक

**प्रतिनिधि, हजारीबाग**



बैठक करते निदेशक विजया जाधव.

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के सभी नगर निकायों की समीक्षा बैठक बुधवार को हजारीबाग सूचना भवन में हुई. अध्यक्षता नगर विकास एवं आवास विभाग डीएमए के निदेशक विजया जाधव ने की. इसमें हजारीबाग नगर निगम, धनवार, डोमचांच, कोडरमा झुमरी तिलैया, बड़की सरैया, बचरा, चतरा समेत आठ नगर निकाय के नगर आयुक्त व कार्यपालक पदाधिकारी शामिल हुए. नगर निकाय क्षेत्र में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास, शहरी आजीविका मिशन और मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत ली गयी योजना और मजदूरों को उपलब्ध करायी गयी रोजगार की समीक्षा की. निदेशक विजया

...निर्माण में योग्य लाभुकों का चयन किया

जाधव ने कहा कि प्रध...
योजना का निर्माण कार्य...
पूर्ण करें. वर्ष 2015 से...
योजना को चिन्हित क...
निर्देश दिया है. जिन अ...
के लिए राशि लेकर ल...
कार्य पूरा नहीं किया है,...
चिह्नित कर एफआइआ...
निर्देश दिया है. नया स...
शीघ्र निर्माण कार्य...

हजारीबाग सहित आठ नगर निकायों में चल रहे रोजगार सृजन, पीएम आवास की समीक्षा

# पीएम आवास के लाभुकों को बैंकों से नहीं मिल रहा है लोन, निदेशालय ने रीजनल मैनेजर को लगाई फटकार

भास्कर न्यूज़ | हजारीबाग

नगरीय प्रशासन निदेशालय झारखंड विजया जाधव ने बुधवार को हजारीबाग में नगर निकायों के अधिकारियों के साथ सूचना भवन में समीक्षा बैठक की। इस बैठक में हजारीबाग नगर निगम के अतिरिक्त आसपास के सात अन्य नगर निकायों के कार्यपालक अधिकारी, सिटी मैनेजर, सिटी मिशन मैनेजर आदि मौजूद थे। यह बैठक नगर निकाय क्षेत्रों में चल रहे शहरी आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूह, स्व रोजगार के लिए ऋण वितरण की स्थिति, निकाय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास की स्थिति की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। जानकारी के अनुसार बैठक में बैंकों की भूमिका को लेकर सवाल उठे, जिस पर निदेशक विजया जाधव ने एक बैंक के रीजनल मैनेजर को खूब कर फटकार भी लगाई। शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह का बैंक खाता खोलने, समूह की बैंक लिंकेज में बैंकों के उदासीन रवैया के कारण सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास के तृतीय घटक के तहत कोलघट्टी में बन रहे आवास के लाभुकों को बैंकों से लोन नहीं मिलना भी लक्ष्य प्राप्ति में समस्या बन रही है। मौके पर निदेशक ने नगर निकायों के अधिकारियों से कहा कि स्व रोजगार के लिए स्किल डवलपमेंट के कार्यक्रम को आगे बढ़ाएँ। उन्होंने मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कहा। हजारीबाग में शहरी गरीब बेघरों के लिए बने शेल्टर होम से जरूरतमंदों को लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिया। बैठक में हजारीबाग नगर आयुक्त गरिमा सिंह, सहायक नगर आयुक्त राहुल जी, सिटी मैनेजर राजीव रंजन, प्रभात कुमार, महफूज, सिटी मिशन मैनेजर कुमारी कृष्णा, मधु कुमारी, कनीय अभियंता संजय सिंह, रामचंद्र प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे। निदेशालय से इस बैठक में सहायक निदेशक योगेन्द्र प्रसाद, विशेषज्ञ राजन कुमार, दिनेश कुमार बम, शैलेश प्रियदर्शी, मीतू भारती, स्नेहा सिंह, फिरोज आलम, मुकेश कुमार, अजीत कुमार परमहंस शामिल थे।



**इन नगर निकायों के अधिकारी ने भाग लिया :** हजारीबाग नगर निगम के अलावा राजधनवार, बड़की सरैया, कोडरमा, झुमरी तिलैया, डोमचांच, चतरा, बचरा के कार्यपालक पदाधिकारी, सिटी मैनेजर एवं सिटी मिशन मैनेजर मौजूद थे।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA